**राजस्थान सरकार**

**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर**

वित्त भवन, ए–ब्लॉक, ज्योति नगर जनपथ, जयपुर–302005

(दूरभाष नं0:–0141–2740837, **फैक्स:**– 0141–2742309, **ई मेल:**–jacct.dta@rajasthan.gov.in)

क्रमांक:– एफ.4(ई)(डी–2670)/अलेसे–III/888 दिनांक:– 8.8.2022

## कार्यालय आदेश

श्री दिलकुश मीणा (लिंक नं. 11331) कनिष्ठ लेखाकार कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन. स्वा. अभियान्त्रिकी विभाग, बारां को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राज. जयपुर में एफ.आई.आर. संख्या 07/2019 दर्ज होने के परिणामस्वरूप विभागीय आदेश संख्या 2578 दिनांक 24.01.2019 के द्वारा राजस्थान सिविल सेवा (सी.सी.ए.) नियमों के नियम–13 में प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में भ्रष्टाचार एवं निरोधक ब्यूरो, कोटा द्वारा गिरफ्तार किये जाने की दिनांक 09.01.2019 से निलम्बित किया गया था।

श्री दिलकुश मीणा (निलम्बित) कनि. लेखाकार के सम्बन्ध में कार्मिक (क–3) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.2(157)कार्मिक/क–3/97 दिनांक 07.07.2010 एवं प्रशासनिक सुधार विभाग (अनु.3) की आज्ञा क्रमांक प.6(23)प्रसु./अनु.3/99 दिनांक 12.01.2011, 30.06.2020 के क्रम में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो/पुलिस द्वारा पंजीबद्ध आपराधिक प्रकरणों में निलंबित किये गये राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा के अधिकारी/कर्मचारी की निलंबन से बहाली हेतु समीक्षा बैठक दिनांक 08.07.2022 के कार्यवाही विवरण क्रमांक प.2(3)वित्त/राजस्व/2014 पार्ट दिनाक 19.07.2022 के द्वारा निलम्बन से बहाली का निर्णय लिये जाने के फलस्वरूप श्री दिलकुश मीणा, कनि. लेखाकार को निलम्बन से बहाल किया जाकर पदस्थापन कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी बौंली, सवाईमाधोपुर में किया जाता है।

निलम्बन अवधि का निर्णय न्यायालय निर्णय के अध्यधीन किया जावेगा।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव

क्रमांक:– एफ.4(ई)(डी–2670)/अलेसे–III/888 दिनांक:– 8.8.2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, राज. जयपुर को कार्यवाही विवरण क्रमांक प.2(3)वित्त/राजस्व/2014 पार्ट दिनाक 19.07.2022 के संदर्भ में।
2. कार्यालय महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राज. जयपुर।
3. पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, कोटा।
4. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, स्पेशल यूनिट, कोटा।
5. कोषाधिकारी, कोटा।
6. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
7. एसीपी उपनिदेशक को वेबसाईट पर अपलोड हेतु।
8. पदस्थापन सीट/निजि/रक्षित पत्रावली।

(शिल्पी कौशिक)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–III)

D:\2019\NEERAJ JI\ORDER.DOCX :- 20